विज्ञापन सं.सीपीआरआई/09/2021
भर्ती

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेंगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद, नागपुर, नोएडा, कोलकाता, गुवाहाटी में हैं तथा नासिक में साइट कार्यालय स्थित हैं।

सीपीआरआई निम्न सूचित रिक्त पद को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पोस्टिंग का स्थान **बेंगलूरु** है। तथापि यह पद प्रबंधन के निर्णय पर सीपीआरआई के किसी भी एककों में स्थानांतरणीय है।

क्रम सं.	पद का नाम	वर्ग	प्रत्याशित रिक्ति
1	प्रशासनिक अधिकारी	अनारक्षित	1

सूचना : नियुक्ति के लिए चुने गए उम्मीदवार को यथा अपेक्षित प्रशासनिक एवं लेखा कार्य सौंपा जा सकता है।
शैक्षिक अर्हता, अनुभव एवं आयु :

क्रम सं.	पद का नाम	शैक्षिक अर्हता	निर्धारित अनुभव	ऊपरी आयु सीमा (वर्ष)
1	**प्रशासनिक अधिकारी**	एमबीए (एचआर) (यूजीसी / एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त 2 वर्षीय पाठ्यक्रम) / एसीएस (भारत के कंपनी सचिव संस्थान से पाठ्यक्रम) / एलएलबी (बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान / कॉलेज से पाठ्यक्रम) की वृत्तिक अर्हता के साथ कला / वाणिज्य / प्रबंधन में विश्वविद्यालय की डिग्री।	सरकारी/ पीएसयू/ सरकारी स्वायत्त संगठन के प्रशासन में कम से कम रु. 4,200/- से समतुल्य ग्रेड वेतन (7 वें सीपीसी का पे मैट्रिक्स स्तर 6) में 5 वर्षों का उत्तर वृत्तिक अर्हता अनुभव। उम्मीदवार को सरकारी नियमों और विनियमों का ज्ञान, अच्छे मौखिक तथा लिखित संप्रेषण कौशल के साथ कंप्यूटर के उपयोग से परिचित होना अपेक्षित है। प्राप्त अनुभव, पद के कार्य विवरण के साथ संबंधित रहेगा।	40

सीपीआरआई, बिना कोई कारण बताए पदों को भरने या संपूर्ण विज्ञापन या इसके कुछ अंश रद्द करने का अधिकार रखता है ।

उल्लिखित सभी शैक्षिक अर्हताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी/एआईसीटीई/ राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान /बोर्ड से प्राप्त हों ।

केवल निर्धारित न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव रखने से उम्मीदवार, लिखित परीक्षा / एम सी क्यू परीक्षा तथा साक्षात्कार के लिए लघुसूचीबद्ध होने के पात्र नहीं बनेंगे। पात्र आवेदनों की अत्यधिक संख्या में होने के संदर्भ में सीपीआरआई शैक्षणिक अर्हता तथा अनुभव के अनुसार सूचित पद के लिए सीपीआरआई द्वारा निर्धारित अनुपात के तौर पर आगे की कार्रवाई के लिए उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध करने का अधिकार रखता है जो अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख अर्थात् **04.08.2021** को यथा स्थिति उम्र ही ऊपरी आयु सीमा है। 40 वर्षों की आयु सीमा **सामान्य आयु सीमा** है। आरक्षित वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार छूट है।

सीपीआरआई में पांच वर्षों के निरंतर सेवायुक्त विभागीय उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा पद के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से 5 वर्ष अधिक है।

वेतन संरचना तथा कार्य विवरण एवं चयन प्रक्रिया :

क्र.सं.	पद का नाम	स्तर और वेतन मैट्रिक्स में सेल	संक्षिप्त कार्य विवरण	चयन प्रक्रिया
1	**प्रशासनिक अधिकारी**	7 वें सीपीसी के स्तर -10 रु. 56100 - 177500	प्रशासनिक अधिकारी से सामान्य प्रशासन तथा स्थापना मामलों, कार्मिक प्रशासन, भर्ती, सतर्कता, अनुशासनात्मक मामलों, कानूनी मामलों को संभालना, समिति/ परिषद की बैठकों का समन्वयन, बैठकों की कार्यसूची तथा कार्यवृत्त तैयार करना, गोपनीय रिकॉर्ड बनाए रखना तथा विभिन्न विभागों के साथ संपर्क करना, मंत्रालय और अन्य प्राधिकारण आदि के साथ पत्राचार के क्षेत्र में काम करने की अपेक्षा रखते हैं ।	पात्र सूचीबद्ध उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/ एमसीक्यू परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा तथा परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवालों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा / एमसीक्यू परीक्षा तथा साक्षात्कार के निष्पादन के आधार पर किया जाता है।

पद के लिए परिवीक्षा, प्रारंभ में दो वर्षों की अवधि के लिए रहेगी। इस पद के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/ एलटीसी / चिकित्सा लाभ एवं भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार रहेगा ।

संगत शैक्षिक अर्हता, अनुभव, संबंधित नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी),** जाति / पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र जैसा लागू हो, आदि प्रमाणपत्रों की स्व अभिप्रमाणित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, प्रो.सर सी वी रामन रोड, पोस्ट बॉक्स सं. 8066, सदाशिवनगर (डा घ), बेंगलूर - 560080 को लिफ़ाफ़े के ऊपर **"प्रशासनिक अधिकारी के पद के लिए आवेदन"** लिखते हुए **04.08.2021** से पूर्व डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए। नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

निर्धारित आवेदन प्रारूप के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों की स्व अभिप्रमाणित प्रतियों को संलग्न करने में असफल होने पर आवेदन को अमान्य एवं अस्वीकृत किया जाएगा। सभी प्रकार से पूर्ण किए गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।